आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 बुधवार 29.04.2026

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित किए दसवीं और बारहवीं बोर्ड के नतीजे।
2– प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं के घरों तक सिलेंडर के बजाय पाइपलाइन से पहुंचाई जाएगी गैस–राज्य मंत्रिपरिषद ने आज इसके लिए नई गैस वितरण नीति को दी मंजूरी।
3– मुख्यमंत्री ने ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के उन्नत संस्करण ''सेवा सेतु'' का किया शुभारंभ–इस पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को चार सौ इकतालीस सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।
4– छत्तीसगढ़ विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र कल आयोजित किया जाएगा।

<u>बोर्ड परीक्षा–परिणाम</u>

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ई–क्लिक कर इन परिणामों को ऑनलाइन जारी किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में मेरिट सूची में बलौदाबाजार जिले के जिज्ञासु वर्मा ने टॉप किया है। दूसरे नंबर पर बेमेतरा जिले की ओमनी वर्मा और तीसरे स्थान पर रायगढ़ के कृष महंत हैं।

वहीं, दसवीं बोर्ड की मेरिट सूची में महासमुंद जिले की संध्या नायक और परीरानी प्रधान के साथ ही मुंगेली जिले के अंशुल शर्मा संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं।

हाईस्कूल परीक्षा में इस वर्ष लगभग सतहत्तर प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में करीब तिरासी प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

राज्यपाल रमेन डेका ने बोर्ड परीक्षाओं के नतीजों में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिणाम जारी करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा किए गए प्रयासों से इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम आए हैं।

वहीं, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

<u>धर्मेन्द्र प्रधान–एनसीईआरटी</u>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी की पाठ्य–पुस्तकों की उपलब्धता, प्रकाशन और वितरण कार्यों की समीक्षा की। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्री प्रधान ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पुस्तकों की उपलब्धता और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को किताबों की समय से पहुंच सुनिश्चित कराने के लिए राज्य प्रशासन तथा वितरण एजेंसियों के साथ समन्वय का भी जायज़ा लिया। श्री प्रधान ने आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने, छपाई क्षमता बढ़ाने और व्यापक पंहुच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुस्तकों की भौतिक प्रति पंहुचने तक ई–पाठशाला के माध्यम से डिजिटल पाठ्य–पुस्तकों की उपलब्धता का भी उल्लेख किया, ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

मंत्रिपरिषद–बैठक

छत्तीसगढ़ के शहरी इलाकों में रसोई गैस उपभोक्ताओं के घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से पहुंचाई जाएगी। यह निर्णय आज नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने ''छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति'' को मंजूरी दी है।

इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने राजनांदगांव के जिला क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट अकादमी के लिए सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा की पांच एकड़ जमीन रियायती दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है। वहीं, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से छह हजार आठ सौ नौ लोगों और संस्थाओं को लगभग ग्यारह करोड़ निन्यानवे लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

बैठक में वर्ष उन्नीस सौ अठासी बैच के भारतीय पुलिस सेवा के तीन अधिकारियों – संजय पिल्ले, आर.के. विज और मुकेश गुप्ता के संबंध में पूर्व में जारी पदावनति आदेश का पुनर्विलोकन करते हुए उसे निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री–सेवा सेतु पोर्टल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी–चिप्स के ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के उन्नत संस्करण ''सेवा सेतु'' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को चार सौ इकतालीस शासकीय सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेंगी। इनमें चौव्वन नई सेवाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब व्हाट्सअप के माध्यम से भी नागरिकों को सेवाओं की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सकेगी। ''सेवा सेतु'' पोर्टल के माध्यम से नागरिक एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन भुगतान कर तत्काल डिजिटल रसीद प्राप्त कर सकेंगे। कोई भी नागरिक सेवा सेतु में उपलब्ध सेवाओं का लाभ वेबपोर्टल के साथ ही लोक सेवा केन्द्र, च्वॉईस सेंटर या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी प्राप्त कर सकता है।

दवा–रोक

छत्तीसगढ़ में फेरस सल्फेट और फोलिक एसिड दवाओं के वितरण पर सीजीएमएससी ने रोक लगा दी है। दवाओं की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बाद जांच प्रक्रिया शुरू की गई है। जांच पूरी होने तक राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की गई दवाओं को वापस मंगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह दवाएं सिप्को फार्मास्युटिकल्स द्वारा सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की गई थीं। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए सभी अस्पतालों को स्टॉक तुरंत वेयरहाउस में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

जनगणना

छत्तीसगढ़ में जनगणना – दो हजार सत्ताईस के तहत चल रहे स्व–गणना कार्य का कल अंतिम दिन है। स्व–गणना का कार्य प्रदेश में सोलह अप्रैल से शुरू हुआ है। इसके तहत कोई भी नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल – ''एस.ई. डॉट सी.ई.एन.एस.यू.एस. डॉट जीओवी डॉट इन'' के माध्यम से स्वयं अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी दर्ज करा सकते हैं।

वहीं, प्रदेश में एक मई से मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर–घर जाकर आवासीय और गैर–आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग और बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे।

विधानसभा–विशेष सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र कल तीस अप्रैल को नवा रायपुर अटल नगर स्थित नये विधानसभा भवन में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण और परिसीमन संबंधी मुद्दों के निपटान को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। साथ ही सत्र के दौरान सरकारी कामकाज संपादित किए जाएंगे।

हाईकोर्ट–ग्रीष्मकालीन अवकाश

ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। हाईकोर्ट द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अट्ठारह मई से बारह जून तक ग्रीष्म अवकाश रहेगा। पंद्रह जून से हाईकोर्ट फिर नियमित रूप से खुलेगा। अवकाश के दौरान भी जरूरी मामलों की सुनवाई जारी रहेगी। इसके लिए वेकेशन जजों की नियुक्ति की गई है, जो सुबह साढ़े दस बजे से कोर्ट की कार्रवाई संपन्न कराएंगे। जरूरत पड़ने पर सुनवाई का समय बढ़ाया भी जा सकता है।

धमतरी–सैनिक स्कूल

धमतरी जिले में पांच सौ सीटों की क्षमता वाले सैनिक स्कूल की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार ने इस परियोजना का प्रस्ताव केंद्रीय रक्षा मंत्रालय को भेज दिया है। इस सैनिक स्कूल में डिजिटल शिक्षण माध्यमों से लैस अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं होंगी। शारीरिक फिटनेस और खेलों के लिए मैदान के साथ ही सुव्यवस्थित छात्रावास, पुस्तकालय और विशेष रक्षा प्रशिक्षण केंद्र भी होंगे। इस सैनिक स्कूल के स्थापना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के साथ ही सैन्य करियर के लिए तैयार करना है।

अग्निवीर भर्ती–प्रशिक्षण

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन का कल अंतिम दिन है। अभ्यर्थी रोजगार विभाग के आधिकारिक वेबपोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर द्वारा अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण चार मई से शुरू होकर चार जून तक चलेगा। इस दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

अचल संपत्ति रजिस्ट्री–उपकर

राज्य सरकार ने अचल संपत्ति की रजिस्ट्री पर लगने वाला शून्य दशमलव छह शून्य प्रतिशत उपकर समाप्त कर दिया है। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इस पहल के तहत अब अचल संपत्ति के अंतरण विलेखों के पंजीयन पर बाजार मूल्य के आधार पर लगाया जाने वाला शून्य दशमलव छह शून्य प्रतिशत उपकर पूरी तरह समाप्त कर दिया गया ळें

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने और गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

संक्षिप्त समाचार

– ‘रामलला दर्शन योजना’ के तहत आज राजनांदगांव और दुर्ग रेलवे स्टेशन से आठ सौ पचास श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए।

– दुर्ग जिले में तीन लोगों की हत्या के आरोपी रवि शर्मा को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आज मृत्युदंड की सजा सुनाई है। रवि शर्मा पर इक्कीस जनवरी वर्ष दो हजार बीस को भिलाई के तालपुरी इलाके में अपनी पत्नी, बच्ची और एक अन्य व्यक्ति की हत्या करने का आरोप है।

– सक्ती जिले के बाराद्वार थाना क्षेत्र स्थित लवसरा गांव में दो बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। ये दोनों बच्चियां जुड़वा बहनें थीं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>